# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 25.09.2024

### ई-ऑफिस पर कामकाज के लिए वीडीए को प्रदेश में मिला पहला स्थान

**वाराणसी।** ई ऑफिस पर ई फाइल, ई रिसीट करने पर वाराणसी विकास प्राधिकरण को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। वीडीए ने 15 सितंबर तक 57 नई पत्रावलियां बनाई हैं। 187 पत्रावलियों का ब्योरा दर्ज किया है। 116 रिसीट बनाते हुए 382 रिसीट का ब्योरा दर्ज किया गया है।

ई-ऑफिस को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने विकसित किया है। ई-ऑफिस एक एकीकृत फाइल और रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली है। इसमें फाइलों को ट्रैक किया जा सकता है। ई-ऑफिस में डेटा को सुरक्षित और गोपनीय रखते हुए नियमित कामकाज को स्वचालित किया जा सकता है। यह डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार शासन की मंशा के अनुसार पेपरलेस आफिस को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएम की ओर से 21 और 26 जून को ई आफिस कार्यप्रणाली के लिए निर्देश मिला था। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 25.09.2024

### वीडीए ने सील किए अवैध निर्माण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने मकबूल आलम रोड और हुकुलगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान मकबूल आलम रोड के शम्भूनाथ तिवारी एवं दिनेश तिवारी की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जिसे सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। उधर सारनाथ वार्ड के छोटा लालपुर में आशुतोष कुमार सोनकर, अखिलेश कुमार सोनकर की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जिसे वीडीए की टीम ने सील कर पुलिस अभिरक्षा में दे दिया। ब्यूरो

### 286 कार्ट बांटेगा वीडीए

**वाराणसी।** सारनाथ में चल रहे प्रो पुअर योजना के तहत वेंडर्स को कार्ट वितरण की बैठक की गई। इसमें वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि 286 कार्ट बांटे जाएंगे। इसके लिए स्ट्रीट वेंडर समिति व सेवा व्यवसाय समिति से सूची मांगी है। ब्यूरो

हिन्दुस्तान–दि0 25.09.2024

## वीडीए में ई-ऑफिस लागू

वाराणसी। ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने वाले वीडीए प्रदेश का पहला प्राधिकरण बन गया है।

वीडीए ने अब तक 57 नई फाइलों तथा 187 पुरानी फाइलों को डिजिटल किया है। वहीं 382 पावना (रिसीट) डिजिटलीकरण हुआ है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि ई-ऑफिस का मकसद काम को सरल, पारदर्शी, और प्रभावी बनाना है। यह डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है।

हिन्दुस्तान–दि0 25.09.2024

## प्रो पुअर प्रोजेक्ट में बटेंगी गुमटियां

वाराणसी। प्रो पुअर प्रोजेक्ट के अंतर्गत फेरी पटरी व्यवसायियों को गुमटी देने के संबंध में मंगलवार को वीडीए मुख्यालय में बैठक हुई। वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा कि कुल 286 गुमटियां वितरित होनी हैं। वीडीए सचिव ने इसकी जानकारी स्ट्रीट वेंडर समिति, सेवा व्यवसाय समिति के पदाधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया है। बैठक में उप निदेशक पर्यटन आरके रावत, एलबी दुबे, स्ट्रीट वेंडर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सहारा—दि0 25.09.2024

# जनप्रतिनिधियों के पत्रों को गंभीरता से लें अधिकारी

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में संसद एवं विधान सदन के सदस्यों की तरफ से सरकार एवं

**वीडीए सचिव ने बैठक कर दिये दिशा-निर्देश**

शासन तथा प्रदेश के जनपदों के भेजे गये पत्रों पर की गयी कार्यवाही के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें पाया गया कि ज्यादातर प्रकरणों में प्राधिकरण द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई है। अतः सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त अनुभागाध्यक्ष अपने अनुभाग में



जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों को एक पंजिका / रजिस्टर बनाकर तत्काल दर्ज करते हुए की गई कार्यवाही की सूचना संबंधित सांसदों के एवं विधान मंडल के सदस्यों आदि को तत्काल प्रभाव से अवगत कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त के अतिरिक्त सचिव द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले समस्त पत्रों पर समस्त अनुभागाध्यक्ष अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, जोनल अधिकारी (जोन -1) सिंह गौरव जयप्रकाश, जोनल अधिकारी जोन - 2 संजीव कुमार, जोनल अधिकारी (जोन-3) सौरभ देव प्रजापति, जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद तिवारी, जोनल अधिकारी (जोन-5) प्रकश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा—दि0 25.09.2024

# ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने में वीडीए प्रदेश में बना प्रथम प्राधिकरण

**वाराणसी।** ई-आफिस प्रणाली को लागू करने में वीडीए को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। अभी तक प्रदेश का कोई भी प्राधिकरण पूरी तरह से ई-ऑफिस प्रणाली को लागू नहीं कर पाया हैं। बता दें कि शासकीय कार्य-पद्धति को 'पेपरलेस ऑफिस' में परिवर्तित करके शासकीय कार्य संचालन क्षमता में सार्थक सुधार के लक्ष्य के साथ समस्त विभागों/ कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली कार्यान्वित की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा 21 एवं 26 जून, 2024 को ई-ऑफिस प्रणाली कार्यान्वित करने के लिए निर्देश प्रदान किये गये। 05 सितम्बर, 2024 तक समस्त मण्डलों/ जनपदों/ नगर निगमों/ विकास प्राधिकरणों में अनिवार्यरूप से ई-ऑफिस को लागू करने एवं ई-ऑफिस पर ई-फाइल/ ई-रिसीट का व्यवहरण करते हुए कार्यालयों को पेपर-लेस किया जाना सुनिश्चित किये जाने के लिए आदेशित किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी एवं उपाध्यक्ष के द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण में ई-ऑफिस लागू किये जाने के लिए जून माह से कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी, जिसके परिणामस्वरूप ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने वाला वाराणसी विकास प्राधिकरण प्रदेश का पहला प्राधिकरण बना।

# वीडीए ने सील किये अवैध निर्माण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा द्वारा प्रभारी भवन, परमानन्द यादव तथा जोन-1 के जोनल अधिकारी, सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता, अतुल मिश्रा एवं प्रवर्तन दल के साथ मकबूल आलम रोड का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हुकुलगंज में मकबूल आलम रोड पर भवन स्वामी शम्भूनाथ तिवारी एवं दिनेश तिवारी द्वारा व्यावसायिक सह आवासीय उपयोग के लिए 05 नवम्बर 2016 को स्वीकृत बेसमेण्ट भूतल+3 तल के नक्शों के विपरीत वैधता अवधि को समाप्त होने के बाद बिना वैधता के तथा स्थल पर समस्त सेट बैक कवर करके स्वीकृति से विपरीत निर्माण किया जा रहा था। स्थल निरीक्षण के दौरान वैधता अवधि समाप्त होने के उपरान्त तथा स्वीकृत आच्छादन से अधिक समस्त सेटबैक को कवर कर निर्माण करने व द्वितीय तथा तृतीय तल पर आवासीय के लिए स्वीकृत उपयोग के विरुद्ध सम्पूर्ण भवन के व्यावसायिक उपयोग के लिए हॉल का निर्माण करने के कारण जोनल अधिकारी को मौके पर ही भवन को सील करने के लिए निर्देशित किया गया। जोनल अधिकारी द्वारा प्रश्नगत भवन को तत्काल सील की कार्यवाही कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ जोन-2, वार्ड सारनाथ के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गयी। वार्ड- सारनाथ, मौजा- छोटा लालपुर के अन्तर्गत आशुतोष कुमार सोनकर व अखिलेश कुमार सोनकर पुत्र स्व. ज्वाला प्रसाद सोनकर द्वारा मौजा- छोटा लालपुर पुलिस चौकी के पास बिना मानचित्र स्वीकृत कराये पूर्व निर्मित बेसमेन्ट के ऊपर अनाधिकृत रूप से भूतल पर छत ढालने के लिए सरिया आदि का कार्य कराया जा रहा था, जिसे सील कर दिया गया। वहीं इसे संबंधित थाने के अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 25.09.2024

## वेंडरों को कार्ट का किया जायेगा वितरण

**वीडीए सचिव ने प्रो-पुअर योजना को लेकर की बैठक**

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में प्रो-पुअर परियोजना के अंतर्गत वेंडरों को कार्ट वितरण के संबंध में बैठक की गयी। इस परियोजना के अंतर्गत मुनारी रोड, थाई मंदिर, ऋषिपत्तन, सुहेलदेव, अशोका रोड तथा गणपति तिराहा आदि पर कुल 286 कार्ट वितरित किये जाने है, जिसकी क्रमबद्ध सूची स्ट्रीट वेंडर समिति व सेवा व्यवसाय समिति से जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के लिए सचिव द्वारा आदेशित किया गया। बैठक के दौरान उप निर्देशक पर्यटन आर के रावत, टीएसयू एलबी दुबे व स्ट्रीट वेंडर समिति तथा सेवा व्यवसाय समिति के अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स–दि0 25.09.2024

## प्रो-पुअर परियोजना के 286 वेंडरों को मिलेगा कार्ड,वीडीए ने दिया निर्देश

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में मंगलवार को प्रो-पुअर परियोजना के अंतर्गत वेंडरों को कार्ड वितरण को लेकर बैठक की गयी। जिसमें वीडीए सचिव ने परियोजना के तहत मुनारी रोड, थाई मंदिर, ऋषिपत्तन, सुहेलदेव, अशोका रोड तथा गणपति तिराहा आदि क्षेत्रों में कुल 286 कार्ड वितरित किये जाने के लिए जहां क्रमबद्ध सूची तैयार करने को कहा वहीं स्ट्रीट वेंडर समिति व सेवा व्यवसाय समिति से जल्द से जल्द उसे प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जिसमें वेंडरों को आसानी से इस परियोजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर उप निर्देशक पर्यटन आर के रावत, टीएसयू एल बी दुबे व स्ट्रीट वेंडर समिति तथा सेवा व्यवसाय समिति के अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव ने की समीक्षा बैठक



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में सासंदों एवं विधान मंडल के सदस्यों द्वारा सरकार एवं शासन तथा प्रदेश के जनपदों के भेजे गये पत्रों पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई, जिसमें पाया गया कि ज्यादातर प्रकरणों में प्राधिकरण द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई है। अत: सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त अनुभागाध्यक्ष अपने अनुभाग में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों को एक पंजिका / रजिस्टर बनाकर तत्काल दर्ज करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना सम्बन्धित सासंदों के एवं विधान मंडल के सदस्यों आदि को तत्काल प्रभाव से अवगत कराना सुनिश्चित करें।उपरोक्त के अतिरिक्त सचिव द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले समस्त पत्रों पर समस्त अनुभागाध्यक्ष शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव , अधिशासी अभियंता अरिविंद शर्मा, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, जोनल अधिकारी (जोन -1) सिंह गौरव जयप्रकाश , जोनल अधिकारी जोन - 2 संजीव कुमार, जोनल अधिकारी (जोन-3) सौरभ देव प्रजापति , जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद तिवारी , जोनल अधिकारी (जोन-5) प्रकाश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे हृ

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.09.2024

### सासंदों एवं विधान मंडल के सदस्यों द्वारा भेजे गये पत्रों पर की गयी कार्यवाही को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में 24 सितम्बर को प्राधिकरण सभागार में सासंदों एवं विधान मंडल के सदस्यों द्वारा सरकार एवं शासन तथा प्रदेश के जनपदों के भेजे गये प.त्रों पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई, जिसमें पाया गया कि ज्यादातर प्रकरणों में प्राधिकरण द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई है। अतः सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त अनुभागाध्यक्ष अपने अनुभाग में मा0 जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों को एक पंजिका / रजिस्टर बनाकर तत्काल दर्ज करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना सम्बन्धित मा0 सासंदों के एवं विधान मंडल के सदस्यों आदि को तत्काल प्रभाव से अवगत कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त के अतिरिक्त सचिव महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में मा0 जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले समस्त पत्रों पर समस्त अनुभागाध्यक्ष शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव , अधिशासी अभियंता अरिविद शर्मा, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, जोनल अधिकारी (जोन -1) सिंह गौरव जयप्रकाश , जोनल अधिकारी जोन - 2 संजीव कुमार, जोनल अधिकारी (जोन-3) सौरभ देव प्रजापति , जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद तिवारी , जोनल अधिकारी (जोन-5) श्री प्रकश कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 25.09.2024

## अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गई



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2, वार्ड सारनाथ के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड- सारनाथ, मौजा- छोटा लालपुर के अन्तर्गत श्री आशुतोष कुमार सोनकर व अखिलेश कुमार सोनकर पुत्र स्व0 ज्वाला प्रसाद सोनकर द्वारा मौजा- छोटा लालपुर पुलिस चौकी के पास भूमि क्षेत्रफल 2100.00 वर्गफीट में प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये पूर्व निर्मित बेसमेन्ट के ऊपर अनाधिकृत रूप से भूतल पर छत डालने हेतु सरिया आदि का कार्य कराया जा रहा था, जिसे आज दिनांक-24.09.2024 को सील कर सम्बन्धित थाने के अभिरक्षा में सौप दिया गया।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जे पी गुप्ता तथा प्रवर्तन टीम उपस्थित रही ।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करेंअन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

न्यायाधीश–दि0 25.09.2024

## प्रो-पुअर परियोजना के अंतर्गत वेंडरों को कार्ट वितरण के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में 24 सितम्बर को प्राधिकरण सभागार में प्रो-पुअर परियोजना के अंतर्गत वेंडरों को कार्ट वितरण के सम्बन्ध में बैठक की गयी ।इस परियोजना के अंतर्गत मुनारी रोड, थाई मंदिर, ऋषिपत्तन, सुहेलदेव, अशोका रोड तथा गणपति तिराहा आदि पर कुल 286 कार्ट वितरित किये जाने है, जिसकी क्रमबद्ध सूची स्ट्रीट वेंडर समिति व सेवा व्यवसाय समिति से जल्द से जल्द प्रस्तुत करने हेतु सचिव महोदय द्वारा आदेशित किया गया ।बैठक के दौरान उप निर्देशक पर्यटन आर के रावत, टीएसयू एल बी दुबे व स्ट्रीट वेंडर समिति तथा सेवा व्यवसाय समिति के अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 25.09.2024

## शमन मानचित्र आवेदन के क्रम में स्थल निरीक्षण किया गया

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा आवेदिका वर्तिका यादवै /द सुनील कुमार यादव मौजा -सोयेपुर परगना -शिवपुर वार्ड -सारनाथ , Net plot area 636.448 SQM के प्राप्त शमन मानचित्र आवेदन के क्रम में स्थल निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया त मौके पर भवन स्वामी , जोनल अधिकारी और सहायक अभियंता सारनाथ उपस्थित रहे।